# अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता

## चर्चा में क्यों?

20 से 22 अप्रैल 2025 तक राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के तत्त्वावधान में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता राजस्थान के कोटा ज़िले में आयोजित की गई।

## मुख्य बिंदु

- **प्रतियोगिता के बारे में:**
  - **इसका आयोजन** भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI - Wrestling Federation of India) **द्वारा किया जाता है**।
  - **यह आयोजन पहली बार राजस्थान के** कोटा ज़िले के **रघुराई एंडो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स** में किया गया।
  - इसमें **26 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों** के 800 से अधिक पहलवानों ने भाग लिया।
  - पुरुषों के **ग्रीकोरोमन** और **फ्री स्टाइल** तथा **महिला फ्री स्टाइल** वर्गों में मुकाबले आयोजित हुए।
  - प्रत्येक वर्ग में **10-10 वेट कैटेगरी** थीं।
- **विजेता**
  - इस प्रतियोगिता में **हरियाणा** ने कुल **16 स्वर्ण पदक** जीतकर **प्रथम स्थान** प्राप्त किया।
  - **दिल्ली** ने कुल **6 स्वर्ण पदक** जीतकर **द्वितीय स्थान** जबकि **उत्तर प्रदेश** ने **3 स्वर्ण पदक** जीतकर **तृतीय स्थान** प्राप्त किया।

## भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI):

- WFI भारत में कुश्ती की शासी निकाय है। इसका **मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित** है।
- **इसे भारत सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है।**
- यह विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है जिनमें **प्रो रेसलिंग लीग, राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप** शामिल हैं।
- WFI **ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले भारतीय पहलवानों का समर्थन और प्रशिक्षण** भी प्रदान **करता है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/under-20-national-wrestling-championship